**केन्द्रीय विद्यालय काशी हिंदू विश्व विद्यालय**

**अर्धवार्षिक परीक्षा – 2024-25 IX/ हिन्दी**

**अधिकतम अंक – 60** **समय: 2.5 घंटे**

**निर्देश:-**

1) इस प्रश्न पत्र के चार खंड है– क, ख, ग और घ।
2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

**खंड –क**

**प्रश्न 1-निम्न लिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 5**

नशा हमारे देश की प्रमुख समस्या बन चुका है, इसके कारण प्रतिदिन अनेक घर बरबाद हो रहे हैं. असमय ही कितने बच्चे अनाथ हो रहे हैं, कितनी महिलाएँ विधवा हो रही हैं। नशा करनेवालों का जीवन बहुत अल्प होता है। राजा – महाराजा और श्रेष्ठ-वर्ग सृष्टि के आरंभ से राजकीय पेय के नाते सुरा का उपयोग करते रहे हैं। राजकीय पेय जब जनता जनार्दन के मध्य पहुँचा, तो वही परिणाम हुआ, जो बंदर के हाथ मणिमला लगने पर होता है। भारतीय गरीब और मध्यवर्गी जनता जीवन के दैनन्दिन ऊहापोह से तंग थी। उसे न तो समय पर भरपेट भोजन मिलता था, न तन ढाँपने के लिए वस्त्र और न रहने को मकान। दैनन्दिन जीवन की निराशा और गम को कम करने के लिए उसने सुरा को अपनाया। निराशा के अंधकार को सुरा में डुबो देना चाहा, मगर नशे की मस्ती में वह अपने को सुखी अनुभव करने लगा व धीरे- धीरे सुरापान एक व्यसन बन गया। परिणामत : सुरापान को भयंकर सामाजिक बुराई तथा जीवन के लिए भारी अभिशाप माना जाने लगा। शराब के दुर्व्यसन में फंसे हुए व्यक्ति के लिए ॠण लेने अथवा नारी के आभूषण एंव घर की अनिवार्य वस्तुओं को बेच देने में कोई बुराई नज़र नहीं आती। वह शराब के लिए नारी और बच्चों से भीख मँगवाने के लिए प्रेरित करने में भी नहीं हिचकिचाता। अच्छी शराब के लिए पैसे न जुटा पाने पर वह घटिया शराब पीकर यमलोक भी पहुँच जाता है।

1) नशा से देश को किस प्रकार की हानि होती है? 1
2) नशा करनेवालों का जीवन कैसा होता है? 1
3) गरीबों ने सुरा को क्यों अपनाया? 1
4) ‘अभिशाप’ का विलोम क्या है? 1
5) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है -.......

**खंड – ‘ख’**

**प्रश्न 2** - निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :- **(1X4)=4**

1) ‘पर्यावरण’ शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग व मूल शब्द लिखिए।
2) ‘दुर्’ उपसर्ग लगा कर दो शब्द बनाइए।
3) ‘नैतिक’ शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय और मूल शब्द अलग कीजिए।
4) ‘ता’ प्रत्यय से दो शब्द बनाइए।

**प्रश्न 3 -** अर्थ की दृष्टि से वाक्य का भेद बताइए। **(1X4)=4**

1) आपकी यात्रा शुभ हो।
2) शायद कल वर्षा हो।
3) कृपया आप उधर बैठिए।
4) आप कहाँ जा रहे हैं?

**प्रश्न 4 -** निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास का नाम भी लिखिए। **(1X4)=4**

1) राजकुमारी 2)यथाशक्ति 3)त्रिनेत्र 4)नील गगन

**खंड – 'ग'**

**प्रश्न 5 - निम्न लिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (5)**

पता नहीं यह सब कब हुआ था। लेकिन कोई आज भी वृंदावन जाए तो नदी का साँवला पानी उसे पूरे घटना- क्रम की याद दिला देगा। हर सुबह सूरज निकलने से पहले, जब पतली गलियों से उत्साह भरी भीड़ नदी की ओर बढ़ती है, तो लगता है जैसे उस भीड़ को चीरकर अचानक कोई सामने आएगा और बंसी की आवाज़ पर सब किसी के कदम थम जाएँगे। हर शाम सूरज ढलने से पहले , जब वाटिका का माली सैलानियों को हिदायत देगा तो लगता है जैसे बस कुछ ही क्षणों में वो कहीं से आ टपकेगा और संगीत का जादू वाटिका के भरे – पूरे माहौल पर छा गया |

1) लेखक 'भीड़ को चीरकर सामने आएगा' यहाँ किसके आने की प्रतीक्षा में है`
2) वृन्दावन किस महान व्यक्तित्व से जुड़ा हुआ है ?
3) पाठ और लेखक का नाम लिखिये ?
4) लेखक किस नदी को साँवला पानी कह रहा है ?
5) लेखक वृंदावन में बंसी की आवाज़ की बात कर रहे है वो क्या कहना चाहते है ?

**प्रश्न 6 –**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए। **(2X4)=8**

1) लेखक लङकोर के मार्ग में अपने साथियों से किस कारण पिछड़ गया ?

2)प्रस्तुत यात्रा वृतांत के आधार पर बताइए कि उस समय का तिब्बती समाज कैसा था?

3) किस घटना ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया और उन्हें पक्षी प्रेमी बना दिया ?

4.)दो बैलो की कथा पाठ में कौन-कौन से नैतिक मूल्य उभर कर सामने आए हैं ?

**प्रश्न 7**- निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- **(2+2+2=6)**

मानुष हौं तो वही रसखानि बसौं ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन।

जौ पसु हौं तो कहा बस मेरो चरौं नित नंद की धेनु मँझारन॥

पाहन हौं तो वही गिरि को जो कियो हरिछत्र पुरंदर धारन।

जौ खग हौं तो बसेरो करौं कालिंदी कूल कदंब की डारन॥

1) कवि मनुष्य के रूप में ब्रज में ही क्यों जन्म लेना चाहता है?
2) प्रस्तुत काव्यांश का मूल भाव क्या है ?
3) पुरंदर का क्या अर्थ है और 'कालिंदी कूल कदंब की डारन' में कौन-सा अलंकार है?

**प्रश्न 8-** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए। **(2X4)=8**

1) कवि ने सच्चे प्रेमी की क्या कसौटी बताई है ?
2) ब्रज भूमि के प्रति रसखान ने अपना प्रेम किस प्रकार व्यक्त किया है ?
3) इस संसार में सच्चा संत कौन कहलाता है ?
4) 'कैदी और कोकिला' कविता में कवि को कोयल से ईर्ष्या क्यों हो रही है?

**प्रश्न 9 – निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (2*3=6)**

(क) लेखिका की नानी की आजादी के आंदोलन में किस प्रकार की भागीदारी रही

(ख) 'शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है'- इस दिशा में लेखिका के प्रयासों का उल्लेख कीजिए।

(ग) इस जल प्रलय पाठ में बाढ़ की सही जानकारी लेने और बाढ़ का रूप देखने के लिए लेखक क्यों उत्सुक था

**खंड – 'घ'**

**प्रश्न 10 –**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 80 – 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (5)

1) विज्ञापन और हमारा जीवन
2) बढ़ती जनसंख्या का भयावह रूप
3) कंप्यूटर: आज की ज़रूरत

**प्रश्न 11 –**आप प्रणव कुमार / विद्यालक्ष्मी, औरंगाबाद के निवासी हो। अपनी छोटी बहन/छोटे भाई को परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए शुभकामना – पत्र लिखिए। **(5)**

**अथवा**

आनलाइन क्लास में उपस्थित न हो पाने का कारण बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए